आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट की जानकारी ली। गृहमंत्री ने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।
- दिल्ली विस्फोट पर दुनिया ने जताया दुख। जापान, ब्रिटेन और अर्जेंटिना सहित कई देशों के दूतावासों ने भेजे शोक संदेश ।
- स्टीवर्टगंज की टापू बस्ती में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन हुआ। फरारगंज पंचायत समिति की पहल पर ग्रामीणों की मांग हुई पूरी ।
- माउंट मणिपुर मे आईलैंड ट्रेकिंग फेस्टिवल 15 नवम्बर से।

<><><><><><><><>

लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली स्थित लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल का दौरा किया। श्री शाह ने मीडिया से बताया कि अस्पताल के सूत्रों के अनुसार इस घटना में आठ लोगों की मौत हुई है और कुछ लोग घायल हैं जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि घटना की जाँच की जा रही है।

श्री शाह ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फोन आया था। उन्होंने बताया कि आज गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक होगी। श्री शाह ने बताया कि दिल्ली में लाल किले के पास एक ट्रैफिक सिग्नल पर एक हुंडई आई–20 कार में विस्फोट हुआ। श्री शाह ने कहा कि विस्फोट की सूचना मिलने के 10 मिनट के भीतर दिल्ली अपराध शाखा और दिल्ली विशेष शाखा की टीमें घटनास्थल पर पहुँच गईं। आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों की जाँच के आदेश दिए गए हैं।

<><><><><><><><>

दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद कई देशों के राजदूतों ने शोक व्यक्त किया है। जापान के राजदूत ओनो केइची ने जान–माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कॉसिनो ने अर्जेंटीना की ओर से संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने कहा कि उनकी संवेदनाएँ विस्फोट से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। ईरान के दूतावास ने जान–माल

के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया। मालद्वीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइजू ने कहा कि इस कठिन समय में मालद्वीव भारत के लोगों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़ा है।

<><><><><><>

पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी ने आज कहा कि कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स पर झूठा दावा किया जा रहा है कि विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) रवींद्र यादव ने पुष्टि की है कि दिल्ली में हुआ धमाका सीएनजी विस्फोट के कारण हुआ था। पीआईबी की तथ्य जाँच इकाई ने स्पष्ट किया कि यह दावा झूठा है और दिल्ली पुलिस के किसी भी अधिकारी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। साथ ही यह भी बताया कि संबंधित अधिकारी घटना की जाँच कर रहे हैं। पीआईबी ने लोगों से सतर्क रहने और असत्यापित जानकारी साझा करने से बचने का आग्रह किया है और केवल प्रामाणिक और आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करने के महत्व पर ज़ोर दिया है।

<><><><><><>

माई भारत एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत कल श्री विजयपुरम में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'सरदार@150 –राष्ट्रीय एकता पदयात्रा' आयोजित की गई। पदयात्रा का शुभारंभ सेल्युलर जेल से सांसद बिष्णु पद रे और दक्षिण अंडमान उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर किया। इस कार्यक्रम में 700 से अधिक युवाओं, स्वयंसेवकों, एनएसएस, एनसीसी तथा नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एमवाई भारत के संयुक्त निदेशक एस.आर. बिस्वास ने किया।

<><><><><><>

स्टीवर्टगंज ग्राम पंचायत के टापू बस्ती में ग्रामीण विकास एवं पंचायत निदेशक डॉ. अपूर्वा शर्मा ने विस्तारित एवं नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। यह भवन पंचायत समिति फरारगंज द्वारा निर्मित किया गया है जिसकी कुल लागत 45.85 लाख रूपये रही। इसके बन जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी और प्राप्त राजस्व का 60 प्रतिशत हिस्सा स्टीवर्टगंज ग्राम पंचायत को तथा 40 प्रतिशत पंचायत समिति फरारगंज को मिलेगा।

<><><><><><>

पर्यटन विभाग, पर्यावरण एवं वन विभाग और माई भारत के सहयोग से 15 नवम्बर को सुबह 6.30 से माउंट मणिपुर में 'आइलैंड ट्रेकिंग फेस्टिवल' का आयोजन करेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीपों की प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, युवाओं को इको–एडवेंचर पर्यटन में जोड़ना और

स्वरोज़गार के अवसर प्रदान करना है। इसके तहत पहले बैच में 50 प्रतिभागियों को शामिल कर भागीदारी प्रमाणपत्र दिया जाएगा। प्रतिभागियों को 14 नवम्बर तक andamantourismgh@gmail.com पर पंजीकरण कराना होगा। प्रतिभागियों से निर्धारित तिथि पर सुबह साढ़े छः बजे होप टाउन जेटी पर उपस्थित होने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

शिक्षा निदेशालय और अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से 14 और 15 नवम्बर को आईटीआई डॉलीगंज स्थित मरीन वर्कशॉप हॉल में 'बाल शतरंज उत्सव 2025' का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के विभिन्न श्रेणियों में स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय जूनियर (अंडर–19) शतरंज चैंपियनशिप 2025 के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। पंजीकरण कल तक किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**

'संपर्क से समाधान – प्रशासन गाँव की ओर' पहल के तहत डिगलीपुर प्रशासनिक भवन में मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा की अध्यक्षता में राजस्व शिविर न्यायालय का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व मामलों से संबंधित कई मुद्दों का निपटारा किया गया। उपायुक्त एवं विभागीय अधिकारियों ने आठ गाँवों – रवींद्रपाली, कृष्णपुरी, मधुपुर, आर.के.ग्राम, डी.बी.ग्राम, वी.एस.पल्ली, एरियल बे और केरलपुरम का दौरा कर नागरिकों की शिकायतें सुनीं।

**<><><><><><><>**